**समाचार** विज्ञप्ति

# प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program) जारी है

20 सितंबर 2021

---

पूरी तरह से टीकाकृत या हाल ही में निजी रूप से भुगतान किए गए नकारात्मक COVID-19 परीक्षण वाले व्यक्ति-विशेषों के लिए अब संपूर्ण प्रांत में हिस्सा लेने वाले व्यवसाय और गतिविधियाँ सुरक्षित रूप से सुलभ हैं।

प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program) पात्र व्यवसायों, स्थलों और सेवाओं को क्षमता और परिचालन-संबंधी प्रतिबंधों से मुक्त होने की अनुमति देता है। यदि वे सेवार्थियों की सुरक्षा करने और COVID-19 के फैलाव को रोकने में सहायता के लिए इस कार्यक्रम को लागू नहीं करते हैं, तो उन्हें वर्तमान में प्रभावी सभी जनस्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने की आवश्यकता होगी।

COVID-19 के फैलाव को धीमा करने में सहायता के लिए रेस्तरां, विवाह और अंतिम संस्कार, रिटेल, मनोरंजन स्थल और वयस्क खेल व फिटनेस के लिए अस्थाई स्वास्थ्य-संबंधी दिशानिर्देश अब प्रभावी हैं।

## प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program)

पूरे प्रांत-भर में टीकाकरण के लिए पात्र एल्बर्टावासियों और एल्बर्टा में आने वाले आगंतुकों को प्रतिभाग लेने वाली अनेकानेक सामाजिक, मनोरंजक और अलग-अलग गतिविधियों एवं व्यवसायों में शामिल होने के लिए प्रमाण उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिसमें सरकार द्वारा जारी किए गए प्रतिरक्षण के सबूत, पिछले 72 घंटों के अंदर निजी रूप से भुगतान किए गए नकारात्मक COVID-19 परीक्षण, या चिकित्सीय अपवाद के वैध प्रमाण शामिल हैं।

- इस कार्यक्रम को अपनाने वाले व्यवसाय और सेवा प्रदाता तुरंत और बिना किसी प्रतिबंध के किसी भी ऐसे व्यक्ति-विशेष को सेवा उपलब्ध करा सकते हैं, जिसके पास:
  - 20 सितंबर से लेकर 25 अक्टूबर तक, सेवा के समय से दो सप्ताह अथवा इससे भी पहले प्राप्त हुए टीके की खुराक का वैध प्रमाण है; या
  - 26 अक्टूबर से और इसके बाद, सेवा के समय से दो सप्ताह अथवा इससे भी पहले प्राप्त हुई दूसरी खुराक के साथ संपूर्ण टीका श्रृंखला का प्रमाण है; या
  - किसी चिकित्सक या नर्स व्यवसायी की ओर से चिकित्सीय अपवाद का दस्तावेज है; या
  - हाल में (पिछले 72 घंटों के अंदर) COVID-19 के नकारात्मक परीक्षण (पीसीआर या रैपिड टेस्ट) का प्रमाण है।
    - यह परीक्षण एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) या एल्बर्टा परिशुद्धता प्रयोगशालाओं (Alberta Precision Laboratories) द्वारा किया गया नहीं होना चाहिए।
- 12 वर्ष से कम आयु के लोगों को हिस्सा लेने वाले व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए प्रतिरक्षण या नकारात्मक परीक्षण का प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है।

- यह कार्यक्रम उन व्यवसायों या संस्थाओं के लिए लागू नहीं होता है, जिन्हें दिन-प्रतिदिन के जीवन में एक्सेस करने की आवश्यकता होती है। इन-स्कोप और आउट-ऑफ-स्कोप व्यवसायों की पूरी सूची ऑनलाइन उपलब्ध **है**।
- प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program) लागू करने वाले व्यवसायों को इनडोर अनिवार्य मास्किंग आवश्यकताओं का पालन करना जारी रखना चाहिए।
- एल्बर्टावासी अब एक ऑनलाइन खाता बनाए बिना ही वेबसाइट alberta.ca/CovidRecords से आसानी और जल्दी से सुविधाजनक कार्ड के आकार के टीकाकरण प्रमाण का उपयोग कर सकते हैं। आपके टीकाकरण एपॉइंटमेंट में प्राप्त हुए प्रतिरक्षण रिकॉर्ड की पेपर कॉपी का उपयोग भी टीकाकरण के प्रमाण के रूप में किया जा सकता है।

## 20 सितंबर से नए प्रांतव्यापी जनस्वास्थ्य दिशानिर्देश प्रभावी

जो इन-स्कोप ऑपरेटर **पात्र हैं किंतु** प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program) लागू **नहीं** करते हैं, उनके लिए अब निम्नलिखित अनिवार्य दिशानिर्देश प्रभावी हैं:

रेस्तरां

- हरेक टेबल पर अधिकतम छह व्यक्ति-विशेषों (एक ही घरबार के लोग या अकेले रहने वाले व्यक्ति-विशेषों के साथ उनके दो निकट संपर्कों) के साथ आउटडोर बैठकर भोजन।
- एल्कोहल की बिक्री और सेवन से संबंधित प्रतिबंध (रात के 10 बजे बिक्री और 11 बजे सेवन समाप्त) लागू होते हैं।

विवाह और अंतिम संस्कार

- सभी इनडोर समारोहों और सेवाओं के लिए अधिकतम 50 उपस्थितगण या अग्नि संहिता क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा लागू है, इनमें से जो भी कम हो।
- किसी भी इनडोर रिसेप्शन की अनुमति नहीं है।
    - मेजबानी करने वाली सुविधा प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program) लागू करने के लिए पात्र होगी।
- सभी आउटडोर समारोहों और विवाह एवं अंतिम संस्कार सेवाओं में अधिकतम 200 उपस्थितगण की सीमा अनिवार्य होगी। आउटडोर रिसेप्शनों में एल्कोहल की बिक्री और सेवन से संबंधित प्रतिबंधों का पालन करना अनिवार्य है।

मनोरंजन और दिलबहलाव की सुविधाएँ (जिसमें सभी इनडोर स्थल, पुस्तकालय, सम्मेलन, किराए के स्थान, संगीत, नाइटक्लब, कैसिनों और इसी प्रकार की सुविधाएँ शामिल हैं)

- उपस्थितगण की संख्या अग्नि संहिता क्षमता की एक-तिहाई तक सीमित है, और उपस्थितगण को केवल अपने घरबार के साथ या अकेले रहने वाले विक्ति-विशेषों को अपने दो निकट संपर्कों के साथ शामिल होने की अनुमति है। उपस्थित लोगों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है और घरबारों के बीच दो मीटर की शारीरिक दूरी होनी चाहिए।

वयस्क खेल, फिटनेस, प्रदर्शन और मनोरंजन

- इनडोर गतिविधियाँ
    - इनडोर सामूहिक कक्षाओं या गतिविधियों की अनुमति नहीं है।
    - एक-के साथ-एक प्रशिक्षण या व्यक्तिगत वर्कआउट की अनुमति है, लेकिन तीन मीटर की शारीरिक दूरी बनाए रखना अनिवार्य होगा।

- ◦ खिलाड़ियों के बीच कोई संपर्क नहीं; इनडोर प्रतियोगिताएँ रोक दी गई हैं। इसमें इस परिस्थिति के लिए अपवाद है जबकि टीकाकरण से छूट प्रदान की गई है।

- आउटडोर गतिविधियों पर कोई प्रतिबंध नहीं हैं।

जो आउट-ऑफ-स्कोप संचालक प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program) के लिए **पात्र नहीं हैं**, उन्हें आदेश 42-2021 में परिभाषित किए गए विवरण के अनुसार जनस्वास्थ्य प्रतिबंधों का पालन करने की आवश्यकता होगी, जिसमें मास्क पहनने और दूरी बनाए रखने की आवश्यकताएँ और उपस्थितगण की संख्या पर सीमाएँ शामिल हैं।

16 सितंबर को लागू किए गए प्रांतव्यापी जनस्वास्थ्य दिशानिर्देश अभी भी जारी हैं।

## पूरी तरह से टीकाकरण कराएँ

COVID-19 के विरुद्ध लड़ाई में टीके सबसे शक्तिशाली उपकरण हैं। एएचएस (AHS) या भाग लेने वाली फार्मेसियों और चिकित्सक क्लीनिकों के माध्यम से टीकाकरण के एपॉइंटमेंट व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। वेबसाइट alberta.ca/vaccine पर अपना एपॉइंटमेंट बुक करें। कुछ चयनित वॉक-इन क्लिनिक स्थलों में भी प्रथम खुराकें उपलब्ध हैं।

18 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी एल्बर्टावासी COVID-19 टीके की दो खुराकें प्राप्त कर लेने के बाद एल्बर्टा टीकाकरण लॉटरी में प्रवेश करने के लिए पात्र हैं। अंतिम $1-मिलियन ड्रॉ के लिए पंजीकरण 23 सितंबर को बंद हो जाएगा।

एल्बर्टा ने एक प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किया है, ताकि और भी अधिक एल्बर्टावासियों को जल्दी से जल्दी संरक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन मिल पाए। इसके अंतर्गत 19 सितंबर और 14 अक्टूबर के बीच COVID-19 टीके की पहली या दूसरी खुराक प्राप्त करने वाले 18 वर्ष और इससे अधिक आयु के एल्बर्टावासियों को $100 मूल्य का डेबिट कार्ड प्राप्त होगा। वेबसाइट alberta.ca/VaccineDebitCard पर नियमों की पूरी सूची ऑनलाइन उपलब्ध है।

## संबंधित जानकारी

- एल्बर्टावासियों के लिए COVID-19 जानकारी
- COVID-19 के संबंध में जनस्वास्थ्य कार्य
- प्रतिबंध अपवाद कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program) के लिए आवश्यकताएँ (पीडीएफ)

## मीडिया पूछताछ

स्टीव ब्यूइक
780-288-1735
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य

*और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया इस वेबसाइट पर जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।*